

## एक नजर में

### बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**डही।** समीपस्थ हाई स्कूल बड़वान्या में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य अशोक चौंगड़ द्वारा बाल दिवस के संबंध में बच्चों को बताया गया। माध्यमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक द्वारा बच्चों को बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्वल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र सिंह कुशवाह, शोभाराम जमरा, भेरू सिंह बामनिया, मोहन सिंह सिसोदिया, भारत सिंह कनास्या, प्रताप सिंह परमाल, लोकेश बघेल, संतोष भिड़े, सरस्वती चौहान, गमर सिंह मंडलोई, इंदर सिंह भिड़े, सोहबत भयड़िया आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों ने की प्रभु की अष्टप्रकारी पूजन, श्री संघ एवं समाजजनों ने की अनुमोदना



**झाबुआ।** श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में जैन समाज के छोटे-छोटे बच्चों ने धर्म के प्रति अपनी अगाध आस्था को प्रकट करते हुए प्रभु की अष्टप्रकारी पूजन की। पूजन की पूरी विधि एवं मंत्रोच्चार स्वयं किया। बच्चों को परम् पूज्य साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा ने आर्शीवाद प्रदान करते हुए श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ एवं समाजजनों ने इस कार्य की खूब-खूब अनुमोदना की है।

### भारत निर्वाचन आयोग ने वीसी के माध्यम से की विशेष गहन पुनरीक्षण की जिलेवार समीक्षा



**झाबुआ।** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक श्रीमती शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव श्री विनोद कुमार द्वारा आज प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश श्री संजीव कुमार झा भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) 2026 की जिलेवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। आयोग द्वारा एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण के उपरांत बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन की गति को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना वर्चुअली जुड़े। वीसी के उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना ने जिले के सभी निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बताया कि जिले में एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण का कार्य 99.9 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। उन्होंने निर्देशित किया कि वितरण के पश्चात् एन्यूमरेशन फॉर्म का संग्रह कर उनका डिजिटाइजेशन बीएलओ ऐप के माध्यम से तत्परता से पूरा कराया जाए।उन्होंने सभी निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारियों को प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर सुपरवाइजरों को बीएलओ के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार मंडलोई, मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना-पत्रक प्रदान कर जमा करवा रहे



**झाबुआ।** निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर संपूर्ण जिले में इन दिनों एसआईआर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रहीं है। जिसमें मतदान केंद्र एवं विधानसभा अनुसार बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक प्रदान कर उन्हें भरवाकर जमा करने का कार्य कर रहे है। यह कार्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निर्देश पर संपूर्ण जिले में पूरी मुश्तैदी और सक्रियता के साथ चल रहा है। इसमें बीएलओ को अपने-अपने वार्ड के मतदान केंद्र और विधानसभावार गणना पत्रक प्रदान कर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस संबंध में बीएलओ को प्रशासकीय तौर पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। जिसके अनुसार जिन मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की सूची में है, उनसे सामान्य जानकारी भरवाए जाने के साथ जिन मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, उनसे उनके परिवारजनों, जिसमें माता-पिता की जानकारी के साथ वोट डालने की मतदान केंद्र संख्या, विधासनभा संख्या और अन्य जानकारी मांगी जा रहीं है। वहीं गणना पत्रकों में ईपिक नंबर भी भरवाया जा रहा है। यह कार्य बीएलओ द्वारा अपने-अपने वार्ड एवं मतदान केंद्रों पर प्राथमिकता से किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाने के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को जमा करवाया जा रहा है। यह कार्य आगामी 4 दिसंबर तक चलेगा।

# बाल आनंद मेले में बच्चों ने सीखे रचनात्मक कार्य

- खरीद -बिक्री से जाना इकाई -दहाई-सैकड़ा, लेन -देन का तरीका
- प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया




**नागदा (धार)।** बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय नयापुरा माकनी परिसर में भव्य आनंद मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल आनंद मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, उत्साह ,लेन - देन,क्रय -विक्रय और टीम भावना को प्रोत्साहित करना था। मेले में विभिन्न रोचक स्टॉलों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिनमें खानपान, हस्तकला, खेल-कूद, चित्रकला,आदि शामिल थे। बच्चों ने स्वयं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया, जिससे उनके आत्मविश्वास और उद्यमिता को बढ़ावा मिला।

आनंद मेले में रिंग थ्रो, गुब्बारा फोड़, क्विज़, पेंटिंग प्रतियोगिता, म्यूज़िकल चेयर जैसे मनोरंजक खेलों में बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली छात्रा इसिका डाबर ,आयसा वर्मा के साथ प्रतिभागी विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक गोपाल कौशल ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने, रचनात्मक सोच विकसित करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ शिक्षिका सीमा तिवारी आयोजन को सफल बनाने के लिए अभिभावकों, विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा आयोजन हर्ष, उल्लास और बाल सुलभ उमंग से सराबोर रहा, जिसने बाल दिवस को यादगार बना दिया।।



## शरीर का हर अंग बड़ा अनमोल ध्यान रखना पहला कर्तव्य है

**नागदा (धार)।** शरीर का हर अंग बड़ा अनमोल है, जिसका ध्यान रखना हमारा पहला कर्त्तव्य है। दीनचर्या में शरीर के प्रति हमारी बड़ी सावधानियाँ रहे, वहीं आँखों के प्रति हमारी सतर्कता नितांत आवश्यक है। आँखों में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी या दिक्कत हो तो चिकित्सक से परामर्श लेकर ही दवाईयों का उपयोग करे, अन्यथा हमारी थोड़ी सी लापरवाही हमें बड़ी परेशानी में डाल सकती है। उक्त बातें बस स्टेण्ड स्थित आनंद क्लिनिक महावीर मेडिकल पर आयोजित नि:शुल्क जाँच शिविर में नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मणिका डामोर धार ने जाँच के दौरान मरीजों से कही। शिविर की शुरूआत भगवान धनवंतरि जी की पूजा कर की। डॉ. मणिका डामोर का स्वागत जनपद सदस्य राजेन्द्रसिंह पटेल, डॉ. राजेश जोगी, नितिश सुराना ने पुष्प गुच्छ व शाल-श्रीफल भेंटर कर किया। नि:शुल्क नैत्र शिविर में 190 से अधिक नैत्र रोगियों ने जाँच का लाभ लिया।

## आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया

**झाबुआ.** जनजातीय गौरव दिवस एवं बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में युवा आयोग, कैथोलिक डायसिस झाबुआ द्वारा भव्य भील आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झाबुआ जिले एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह अवसर युवाओं के लिए अपनी समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य-कला को मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना। कार्यक्रम के संचालन की ज़िम्मेदारी फादर विशाल मॉल और उनकी पूरी टीम ने सफलतापूर्वक निभाई। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में फादर एलियास निनामा एवं मास्टर मल्ला डामोर शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न समूहों के पारंपरिक नृत्य, ताल, लय और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया।

## जेसीज हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस मनाया

**मनावर । जेसीज हायर सेकेंडरी स्कूल मनावर में बाल दिवस कार्यक्रम नाविन्यपूर्ण तरीके से मनाया गया जिसमें संस्था की होनहार छात्राओं को ही मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और पं.नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।**



इसके पश्चात संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा संस्था के अध्यक्ष श्री दिनेश पाटीदार, प्राचार्य श्री मदन सिंह चौहान ,प्रधानाध्यापिका श्रीमती नमिता रणपिसे , मुख्य अतिथि कु.तस्मिया मुल्तानी विशिष्ट अतिथि कु.महक कसेरा को बैच लगाया गया।छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां प्रदर्शित की जिसके निर्णायक अतिथियों के रूप में (अंतर्राष्ट्रीय विजेता) संजय जी वर्मा ,श्रीमती अंजलि जी जोशी , (हिंदी विशेषज्ञ) श्री काशी प्रसाद जी चंदेल मंच पर विराजमान रहे ।कार्यक्रम में स्वागत भाषण में प्राचार्य महोदय ने बच्चों को आनंद उमंग से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी एवं अध्यक्ष महोदय ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। संस्था के कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जायसवाल द्वारा मंचासीन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि छात्राओं को गमले सहित पौधा स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के शिक्षक गणेश पाटीदार , शिक्षिका नूपुर कानूनगो एवं शालिनी खंडेलवाल ने किया । प्रधानाध्यापिका ने आभार व्यक्त किया।






## जन अभियान परिषद द्वारा बिरसा मुंडा की जयंती पर हुए आयोजन

**धार .** पीएम एक्सीसलेंस कॉलेज धार में रविवार को मध्यथप्रदेश जन अभियान परिषद द्वार संचालित पाठ्यक्रम सीएमसीएलडीपी के अंतर्गत बीएसडब्यूत र एवं एमएसडब्यूबिरस स्ना तक एवं स्नाचतकोत्तसर की प्रत्येगक रविवार को आयोजित सम्पनर्क कक्षाओं के आयोजन अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा के जयंती दिवस को जनजातिय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया ।

आयोजन अवसर पर मिटठ़लाल चावडा सामाजिक कार्यकर्ता, नवनीत जैन अध्यसक्ष राजवाडा चौक सेवा समिति धार, नवनीत रत्नाीकर जिला समन्व यक मंचासीन रहे । सर्वप्रथम बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्या र्पण कर कार्यक्रम का शुंभारंभ किया गया । नवनीत रत्नाुकर द्वारा आज के विषय से परिचित किया गया । भगवान बिरसा मुंडा के जंयती मनाये जाने का कारण बताया अंग्रेजो के विरूद्ध आवाज उठाने एवं अपनी जाति की रक्षा और धर्मांतरण का विरोध किया था । आभार कैलाश रावत मेंटर्स द्वारा माना गया । संचालन धर्मेन्द्र कुमार शर्मा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर धार द्वारा किया गया । जानकारी धर्मेन्द्रन कुमार शर्मा द्वारा दी गई । कार्यक्रम में 65 छात्र/छात्रा सहित मेंटर्स जितेन्द्रर ठाकुर, जगदीश भाबर, माया पांडर, लक्ष्मी रघुवंशी उपस्थित रहे।

आपका कोर्स एक नेतृत्व् क्षमता विकास बढाने और सामाजिक कार्य के लिए है । कोर्स के बारे में चर्चा की गई । नवनीत जैन द्वारा कहा कि भारत सरकार के द्वारा जनजातिय गौरव दिवस मनाये जाने की घोषणा का महत्वर यह है कि हम अपनी मूल संस्कृजति को बनाये रखे। जनजातिय लोगो को सरकारी की योजनाओं का अधिक से अधिक फायदा मिल सके। श्री चावडा जी द्वारा कहा गया कि मात्र 25 वर्ष की आयु के अंदर 18 वर्ष की कम उम्र में बिरसा मुंडा द्वारा इतने समाज के लोगो का नेतृत्वय करना उनकी क्षमता को दिखाता है । उस समय शिक्षा की कमी थी । किन्तु आज शिक्षा पर काफी जोर दिया जाता है ।



## बाल दिवस पर सेल्फी प्वाइंट से ली सेल्फी

**डही।** शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में नगर के एकमात्र श्री कल्याणी विद्या निकेतन हाई स्कूल में बाल दिवस उत्सव के रूप में मनाया गया। यहां आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, जहां विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने सेल्फी ली। साथ ही मेले की शक्ल में हुए आयोजन में विभिन्न स्टॉल लगाए गए। गुब्बारों, तोरणों और पुष्प हार से कक्ष सजाए गए। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों ने शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर और भुवान सिंह सोलंकी ने आयोजन का अवलोकन कर सराहना की। अभिभावकों ने भी पूरे आयोजन की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने अभिभावकों का आभार माना।



## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं पेंशनरों का जन्मदिवस समारोह का किया आयोजन

**झाबुआ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला समिति द्वारा स्थानीय थांदला गेट स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर भगवान श्री बिरसा मुंडा जयंती एवं पेंशनरों का जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बिरसा मुंडाजी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ सभी पेंशनरों का भी पुष्पमालाओं से स्वागत कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दिर्घायु होने की कामना की गई। जानकारी देते हुए प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी एवं जिला सचिव राजेन्द्रप्रसाद जोशी ने बताया कि विगत 1 से 15 नवंबर तक बालमुकुंद मेंईडा, हाजी दौलत ख़ा, नरेन्द्रकुमार त्रिवेदी, गोपालदास बैरागी, दिलीपकुमार काले एवं समरथलाल चौहान का जन्मदिवस आने पर उनका जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान सभी ने जन्मदिन के अवसर पर अपनी ओर से कार्यालय के व्यय के लिए सहयोग राशि प्रदान की। आयोजन आत्मप्रकाश अरोड़ा एवं पं. राजकुमार देवल के देशभक्ति गीतों से आरंभ हुआ। वरिष्ठ पेंशनर्स यशवंत त्रिवेदी एवं एसोसिएशन संरक्षक अरविन्द व्यास ने सुंदर गीत सुनाया। वरिष्ठ सुशीला भट्ट ने भजन की प्रस्तुति दी। वरिष्ठ इतिहासकार एवं संरक्षक डॉ. केके त्रिवेदी ने सभी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए स्वस्थ और दिर्घायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की।

**एक नजर** — गादिया कॉलोनी में श्री खाटू श्याम संकिर्तन का हुआ आयोजन

## भगवान की सुंदर झांकी एवं अखंड ज्योत जलाने के साथ छप्पन भोग लगाया

**झाबुआ।** शहर के गादिया कॉलोनी में ठा. गोविन्दसिंह चौहान के निवास पर 15 नवंबर, शनिवार रात को उत्पन्ना एकादशी के उलपक्ष में करने वाला श्याम, करवाने वाला श्याम परिवार द्वारा श्री खाटू श्याम संकिर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें खाटू श्याम भगवान के समधुर भजनों का श्रोताओं ने आनंद लेते हुए जमकर तालियां बजाने के साथ महिलाओं और बालिकाओं में भजनों पर नृत्य भी किया।



श्री खाटू श्यामजी की भजन संध्या शनिवार रात 8.30 बजे से गादिया कॉलोनी में श्री चौहान के निवास पर आरंभ हुई। जिसमें प्रारंभ में श्री खाटू श्याम बाबा की सुंदर झांकी सजाई गई। बाबा के सम्मुख अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। श्री खाटू श्याम भगवान एवं अखंड ज्योत के महिला-पुरूष श्रद्धालुओं और युवाओं तथा बच्चों ने लाईन में खड़े रहकर दर्शन किए। भगवान को छप्पन भोग भी लगाया गया। इस दौरान श्री सिद्धी विनायक म्यूजिक आर्केस्ट्रा पार्टी ने संगीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी। जिसमें युवा भजन गायक विरेन्द्रसिंह चौहान, मृत्युंजय मिश्रा एवं कुलदीपसिंह पंवार ने 'म्हारा अंगना पधारो भगवान श्री खाटू श्यामजी ..., किर्तन की है रात बाबा ... आज थने आनो हे ....' जैसे समधुर भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। यह भजन सगीतमय समधुर वाद्य यंत्रों के साथ गाए गए। जिसमें की-पेड पर प्रस्तुति जयंत पंवार एवं ढोलक पर पं. राहुल गोस्वामी ने सुंदर प्रस्तुति दी।

**कड़ाके की ठंड में भी जमे रहे भक्त**

भजनों की श्रृंखला अनवरत रात 12 बजे तक चलती रहीं। इस दौरान सभी ने उत्साहपूर्वक श्री खाटू श्याम बाबा, भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी महाराज के सामूहिक जयघोष भी लगाए। शनिवार रात कड़ाके की ठंड के बावजूद गादिया कॉलोनी के रहवासी एवं शहर के भक्तजन भजन संध्या में देर रात तक जमे रहे। इस दौरान खाटू श्याम प्रेमियों ने भक्तजनों पर पुष्प वर्षा की। रात 12 बजे भगवान की विशेष आरती कर छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया।